भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 82.
दिनांक 02.02.2021/ 13 माघ, 1942 (शक) को उत्तर के लिए

जम्मू और कश्मीर हेतु प्रोत्साहन पैकेज

†82. श्री सप्तगिरी शंकर उलाकाः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने वर्ष-भर लंबी तालाबंदी और संचार अवरोध के कारण उत्पन्न आर्थिक गिरावट का समाधान करने के लिए जम्मू और कश्मीर हेतु प्रोत्साहन पैकेज बनाया है;

(ख) यदि हां, तो आवंटित निधि के प्रमात्रा कितनी है;

(ग) 31 दिसम्बर, 2020 तक जारी निधि की प्रमात्रा कितनी है; और

(घ) 31 दिसम्बर, 2020 तक उपयोग की गई निधि की प्रमात्रा कितनी है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी किशन रेड्डी)

(क) और (ख): जम्मू और कश्मीर की सरकार ने 25 सितंबर, 2020 को 1,352.99 करोड़ रुपये के व्यापार पुनरुद्धार पैकेज को अनुमोदन प्रदान किया है।

(ग) और (घ): दिनांक 31 दिसम्बर, 2020 तक 434.08 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई थी, जिसमें से 250 करोड़ रुपये आर्थिक पैकेज के रूप में और 184.08 करोड़ रुपये कोविड-19 राहत के रूप में थे। 31 दिसम्बर, 2020 तक 434.08 करोड़ रुपये की राशि का पूर्णतः उपयोग कर लिया गया है।

*****